# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-1

सोमवार, तिथि $\frac{\text{30 चैत्र, 1937 (श0)}}{\text{20 अप्रील, 2015 (ई0)}}$

**प्रश्नों की कुल संख्या 20**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | गृह विभाग | .. | .. | 13 |
| (2) | वित्त विभाग | .. | .. | 03 |
| (3) | सांख्यिक वित्त विभाग | .. | .. | 03 |
| (4) | कारा विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग — | 20 |

### कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1715. श्री प्रेम रंजन पटेल--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अन्तर्गत चानन प्रखंड के महेशलेटा पं० के सिंगारपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने की स्वीकृति पांच वर्ष पूर्व दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि कब्रिस्तान घेराबंदी के लिये निर्गत राशि की दिसम्बर 2009 में निकासी करने के बावजूद अभीतक पूर्ण नहीं किया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिंगारपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी के लिए निर्गत राशि निकासी करने वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई कर घेराबंदी पूर्ण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### कार्यान्वित कराना

*1716. डॉ० अच्युतानन्द--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 25 फरवरी, 2015 के अंक में छपी खबर "बैंकों की बेरूखी से लटकी योजनायें" शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में सरकारी एवं निजी क्षेत्र के बैंकों की उदासीनता के कारण सरकार की कल्याणकारी योजनायें सफलीभूत नहीं हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी विभागों के पदाधिकारियों एवं बैंकों में समन्वय की कमी के कारण राज्य की जनता को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का 50 प्रतिशत लाभ भी प्राप्त नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राज्य में रोजगार सृजन, कृषि, पशुपालन आदि के क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं को किस तरह से कार्यान्वित कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### नियमावली की स्वीकृति

*1717. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि डायनेमिक ए० सी० पी० का लाभ श्रम संसाधन विभाग के नियंत्रणाधीन कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सा सेवा संवर्ग में कार्यरत चिकित्सकों को देने हेतु वित्त विभाग के संकल्प संख्या 11989, दिनांक 30 दिसम्बर, 2011 के क्रमांक 24 में निहित निदेश के आलोक में सेवा नियमावली तैयार कर 3 वर्ष पूर्व ही स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को श्रम संसाधन विभाग द्वारा भेजा हुआ है जो तीन वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है और इसके कारण चिकित्सकों को डायनेमिक ए० सी० पी० का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है और सरकार कबतक वर्णित नियमावली को स्वीकृत करने का विचार रखती है ?

---

### कार्रवाई करना

*1718. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के फलका प्रखंड के बरण्डी नदी के निसुन्दरा पुल के नीचे दलित, महादलित परिवार एवं अन्य लोगों के लोग लगभग 40 वर्षों से शव का दाह संस्कार करते आ रहे हैं, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा रोका जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

घेराबंदी कराना

*1719. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत बघार पंचायत वार्ड संख्या 12 के दुधैला बघार कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हो सकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1720. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला अंतर्गत फुलपरास एवं घोघरडीहा प्रखंड स्थित ग्राम पकड़िया एवं ब्रह्मपुर कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हो पाई है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार वर्णित कब्रिस्तान की घेराबंदी कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अनुमंडल कारा की स्थापना

*1721. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, गृह (कारा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक अनुमंडल में अनुमंडल कारा की स्थापना किये जाने की सरकार की नीति है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघड़ा अनुमंडल की स्थापना वर्ष 1991 में ही हुई, परन्तु आजतक वहाँ अनुमंडल कारा निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नीति के अनुरूप तेघड़ा अनुमंडल में अनुमंडल कारा की स्थापना कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---

चहारदीवारी ऊँचा करना

*1722. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआँव प्रखंड के पवना ग्राम में अवस्थित कब्रिस्तान जमीनी सतह से काफी नीचे हो गया है एवं हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे वहाँ के मुस्लिम समाज को शवों को दफनाने एवं मय्यत पर जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की चहारदीवारी की ऊँचाई काफी नीचा है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान पर मिट्टी भरने एवं चहारदीवारी ऊँचा करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जल-जमाव से मुक्ति

*1723. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला में अवस्थित पुलिस लाइन में बरसात के समय में पूरे पुलिस लाइन के मैदान में पानी का जमाव हो जाता है, जिससे पुलिसकर्मियों को काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुलिस लाइन का आवास भी जर्जर हो गया है, जिससे बरसात में पानी टपकता रहता है जिससे नाना प्रकार की बीमारी फैलने की संभावना रहती है, मालखाना में हथियारों को रखने में कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुलिस लाइन, गोपालगंज में पुलिसकर्मियों के रहने हेतु नया भवन बनवाने तथा पुलिस लाइन के मैदान से जल-जमाव से निजात दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*1724. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला में स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 323 के जगह मात्र 22 आवेदनों को ही समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा स्वीकृत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जिले के 66 समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के शाखा में से मात्र 8 शाखा ने ही परियोजना का वित्त पोषण किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लक्ष्य के विरुद्ध इतना कम उपलब्धि हेतु सरकार कबतक क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

------

थाना खोलना

*1725. श्री कृष्णनंदन पासवान--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड हरसिद्धि 19 पंचायतों का प्रखंड है, जिसके मध्य में गाय घाट बाजार पड़ता है यहाँ से हरसिद्धि थाना की दूरी लगभग 10 कि०मी० है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुलिस थाना खोलने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*1726. श्री बृज किशोर सिंह--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत मोतीपुर प्रखंड के मोतीपुर थाना का अपना भवन नहीं है एवं चीनी मिल के मकान में चल रहा है, जिसके कारण थाना को प्रशासनिक कार्यों में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार मोतीपुर थाना का अपना भवन कबतक निर्माण कराना चाहती है ?

रिक्त पदों को भरना

*1727. श्री नितिन नवीन--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार में दिनांक 1 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक "226 ट्रैफिक जवानों के भरोसे 18 लाख लोग" को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ट्रैफिक में स्वीकृत पद 660, उपलब्ध बल 226 एवं 434 पद रिक्त है जिसकी वजह से ट्रैफिक व्यवस्था संचालन में प्रशासन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त रिक्त पदों को कबतक भरने का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

------

भवन बनाना

*1728. श्रीमती पुनम देवी यादव--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत भरत खंड ओ०पी० पंचायत भवन में संचालित हो रहा है, जिसके कारण पुलिस बल को शस्त्र की सुरक्षा करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ओ०पी० का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बैंक की शाखा खोलना

*1729. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, संस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के प्रखंड अचकागाँव के ग्राम-सलेमपट्टी, धर्मन टोला, बंकीखाल, असनन्द टोला, उजरा नारायणपुर, शामपुर, साथी, राजापुर, बलेसरा, बालाहाता, भगवान टोला, रघुआ, वृति टोला, धरनीहाता एवं पोपरा घनी आबादी वाला गाँव है तथा इस गाँव के अधिक नौजवान बाहर खाड़ी देशों में कार्य करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त गाँवों के बीच कोई बैंक की शाखा नहीं रहने से रुपया का लेन-देन करने में काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपरोक्त ग्रामों के बीच किसी ग्राम में बैंक की शाखा खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्रवाई करना

*1730. श्री महेश पासवान--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के कोढ़ा प्रखंड मुख्यालय के सामने दलित, महादलित परिवार एवं अन्य लोगों द्वारा 40 वर्षों से शवदाह संस्कार करते आ रहे हैं, जिसे असामाजिक तत्वों द्वारा रोका जा रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शवदाह रोकने वालों पर कबतक समुचित कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*1731. श्री अरुण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 25 फरवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''बैंकों की बेरूखी से लटकी योजनाएँ'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में 50 हजार छात्रों के बीच शिक्षा ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित वित्तीय वर्ष 2014-15 में किया गया था, परन्तु बैंकों की उदासीनता के कारण मात्र 19 हजार 237 छात्रों को ही ऋण उपलब्ध हुआ है, जो 38.47 प्रतिशत ही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में वित्तीय वर्ष 2014-15 में सभी बैंकों को 15 लाख किसानों को के०सी०सी० देने का लक्ष्य निर्धारित था, परन्तु अभीतक 49.09 प्रतिशत ही लक्ष्य पूरा हो सका है, जबकि चालू वित्तीय वर्ष 31 मार्च, तक ही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार लक्ष्य प्राप्ति को पूरा कराने तथा बैंकों की उदासीनता के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बैंक खोलना

*1732. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, सांस्थिक वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत उजियारपुर प्रखंड के सातनपुर में एक विकसित बाजार है, जो एन०एच० 28 के किनारे बसा हुआ है तथा आबादी 10,000 से ज्यादा है, वहाँ, एक भी सरकारी बैंक नहीं है, जिससे वहाँ के ग्रामीणों एवं व्यवसायियों को वित्तीय लेन-देन में कठिनाई होती है यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जिले के सातनपुर बाजार में बैंक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*1733. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के राजपुर प्रखंड स्थित कुर्जी, डेहरी, राजनडीह एवं नासरीगंज प्रखंड स्थित कैथी, मंगरॉव, पैगा, जीना, महादेवा, मनौली, हरिहर नगर में कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थानों पर स्थित कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

--------

ओ०पी० खोलना

*1734. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल प्रखंड के ईटवा शिवनगर एवं देकुली धाम चौक के बीच 15 पंचायत में थाना नहीं रहने के कारण अपराधिक घटनाएँ घट रही है तथा विधि व्यवस्था खराब है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायतों के लोगों को 20 कि०मी० दूर बिरौल थाना आना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ईटवा शिवनगर एवं देकुली धाम में पुलिस ओ०पी० खोलने का विचार रखती है ?

--------

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना:
दिनांक 20 अप्रैल, 2015 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०)-47-डी०टी०पी०-450